Jan-2022 ISSUE-IV(I), VOLUME-IX

Published Special issue
With ISSN 2394-8426 International Impact Factor 6.222
Peer Reviewed Journal

Published On Date 31.01.2022

Issue Online Available At :http://gurukuljournal.com/

Organized &
Published By

Chief Editor,
Gurukul International Multidisciplinary Research Journal
Mo. +919273759904 Email: chiefeditor@gurukuljournal.com
Website : http://gurukuljournal.com/

ISSN No. 2394-8426
Jan-2022
Issue–IV(I), Volume–IX

INDEX

Paper No.	Title	Author Name	Page No.
1	मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन	तामेश कुमार वर्मा & डॉ. कमल नारायण गजपाल	3-9
2	A Study Of Defence Mechanism Among The Students Of Class 11th In Raipur City	Dr. Savita Soloman	10-13
3	शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की व्यावसायिक आकांक्षा स्तर का तुलनात्मक अध्ययन	भारती भार्गव & डॉ.सविता सालोमन	14-20
4	मध्याह्न भोजन योजना से विद्यालयों में प्राथमिक कक्षा के छात्र-छात्राओं की प्रतिवर्ष शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव से संबंधित प्रश्न का अध्ययन	महेश कुमार नायक & डॉ.बेनु शुक्ला	21-29
5	नई राष्ट्रीय जल नीति - एक जरुरत	Asstt.Prof. Firoj Pyara Sahala	30-32
6	शिवधर्म चळवळ आणि धार्मिक सण उत्सवातील परिवर्तन	प्रा.डॉ.राजकुमार बिरादार	33-36
7	Review of e-HRM research and its implications	Dr. Kapil Raut	37-39
8	माध्यमिक विद्यालयांमध्ये गणित अध्यापनात शिक्षकाची भूमिका	पंकज वामनराव मत्ते	40-42
9	A Critical Legal Study on the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizen's Act	Ms. Amruta Chavan	43-49
10	जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि का बदलता प्रारूपः एक विश्लेषण	विजय यादव	50-59

मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

1. **तामेश कुमार वर्मा,** एम.एड. (प्रशिक्षार्थी), प्रगति महाविद्यालय, चौबे कालोनी रायपुर (छ.ग.)
2. **डॉ. कमल नारायण गजपाल,** विभागाध्यक्ष (शिक्षा संकाय), प्रगति महाविद्यालय, चौबे कालानी, रायपुर (छ.ग.)

भूमिका

"शिक्षक का सर्वप्रथम कार्य उन आदतों को छाँटना और सिखाना है, जो बालक के लिए सारे जीवन सबसे अधिक लाभप्रद रहे शिक्षा सदाचार के लिए है और आदतें ही आचरण का निर्माण करती है।"

– विलियम जेम्स

वैदिक काल से ही शिक्षा को ही प्रकाश माना गया है जो कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रकाशित करने का सामर्थ्य रखता है। इसलिए विद्वानों ने शिक्षा को तीसरा नेत्र कहा है। शिक्षा वस्तुतः वह प्रक्रिया है जिससे मनुष्य बेहतर मनुष्य बनता है और अपनी इस दुनियां को और बेहतर बनाने का कौशल प्राप्त करता है। शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा से व्यक्ति में आत्मनिर्भरता, आत्मिक ऊर्जा और अपने अस्तित्व का एहसास होता है। शिक्षा के इसी महत्व को स्वीकार कर पूर्ण साक्षरता का लक्ष्य रखा गया है। पर आज भी भारत की स्थिति भयावह है।

यू.एन.डी.पी. की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 3 करोड़ 50 लाख बच्चे अभी भी स्कूलों से बाहर है। जिनमें दो तिहाई लड़कियां है। विश्व में जितने निरक्षर हैं उनके आधे भारत में है। (प्रकाश, आनन्द, 2011)

शासन ने 'शिक्षा का अधिकार'' कानून बनाने से पूर्व भी अनेक प्रयास और प्रयोग किये हैं, जिससे देश में शिक्षा की स्थिति को सुधारा जा सके। निरक्षरता उन्मूलन कार्यक्रम के लिए प्रौढ़ शिक्षा/क्षेत्रीय विकास आदि विभिन्न कार्यक्रम चलाए गए।

प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के परिणाम दर्शाने लगे कि साक्षरता बढ़ती तो है, पर प्राथमिक शिक्षा ठीक न होने से निरक्षर प्रौढ़ आते जा रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा के लिए बच्चे नहीं आ रहे थे। कारणों में मुख्य रूप से गरीबी, मजदूरी (दूसरे कामों में लगना), विद्यालयों का वातावरण ठीक न होना देखा गया है।

आजादी के बाद से ही भारत पूर्ण साक्षरता के लिए प्रयासरत रहा है तथा शिक्षा को अनिवार्य रूप से सुलभ और निःशुल्क बनाने के लिए संवैधानिक प्रावधानों में स्थान दिया गया। राज्य के नीति निर्देशक तत्वों की धारा 45 में राज्य को निर्देशित किया गया है कि 6–14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों की शिक्षा को निःशुल्क तथा अनिवार्य बनाने का दायित्व राज्य का होगा।

86वें संवैधानिक संशोधन 2002 द्वारा 6–14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदान करते हुए संविधान में एक नया अनुच्छेद 21(ए) जोड़ गया।

मध्यान्ह भोजन योजना

केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 1995 से मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की योजना इस उद्देश्य को सामने देखकर बनाई कि छात्रों को प्रोटीनयुक्त भोजन विद्यालय में मिलेगा तो पालक स्वयं छात्रों को विद्यालय भेजने तथा विद्यालय में आने वाले छात्रों को शिक्षा, भोजन तथा स्वास्थ्य की निश्चितता की जा सकती है। 17 वर्षों से संचालित कार्यक्रम के बावजदू अनेकों रिपोर्टों से यह ज्ञात होता है कि उपस्थिति, पढ़ाई का स्तर आदि में बड़ा परिवर्तन नहीं देखा जा रहा है।

मिड–डे–मील योजना का आरम्भ

इस योजना का आरम्भ 25 अगस्त, 1995 से हुआ था। शुरुआत में 3 किलोग्राम गेहूँ–चावल दिये जाते थे लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिनांक 28 नवम्बर, 2001 को दिये गये निर्देश के क्रम में दिनांक

1 सितम्बर, 2004 से पका पकाया भोजन प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध कराये जाने की योजना आरम्भ कर दी गयी। योजना की सफलता की दृष्टि रखते हुए अक्टूबर, 2007 से इसे शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े ब्लॉकों में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा अप्रैल, 2008 से शेष ब्लॉकों एवं नगर क्षेत्र में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालयों तक विस्तारित कर दिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2007–2008 में प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 1.83 करोड बच्चे तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 31 लाख बच्चे आच्छादित थे।

मिड–डे–मील की छत्तीसगढ़ में स्थिति

वर्तमान में इस योजना से प्रदेश के 1,16,107 प्राथमिक विद्यालयों एवं 53,499 उच्च प्राथमिक विद्यालय आच्छादित हैं। इन विद्यालयों में प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत 1,42,55,482 विद्यार्थी एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर 60,87,620 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय औसत तक पहुँचने में विफल रहा है। विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ 15वें स्थान पर है। रिपोर्ट एक के अनुसार छत्तीसगढ़ में 66 फीसदी विद्यार्थियों को ही मिड–डे–मिल उपलब्ध हो पाता है। जबकि सन् 2012–13 में मिड–डे–मील उपलब्ध करवाने का राष्ट्रीय औसत 70 फीसदी रहा है। विद्यालयों का निरीक्षण करने में भी राज्यों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। इस मामले में छत्तीसगढ़ 21वें स्थान पर है। छत्तीसगढ़ में कुछ जिलों में मिड–डे–मील की व्यवस्था बहुत खराब है। राज्य के 14 जिले मिड–डे–मील उपलब्ध करवाने को लेकर अधिक समस्याओं से ग्रस्त हैं। लेकिन इन समस्याओं की स्थिति पर ध्यान देकर इन्हें सुधारा जा सकता है। जैसे–

- मिड–डे–मील को सुचारू रूप से संचालित किया जाये।
- अधिकारियों को निरन्तर सम्पर्क बनाये रखना चाहिए।
- मिड–डे–मील कार्यक्रम को मॉनिटरिंग व्यवस्था करके रखा जाये।
- मिड–डे–मील में खाना उपलब्ध होने से बच्चे–बच्चे का पढ़ाई की तरफ अधिक ध्यान जायेगा।
- पौष्टिक पोषाहार से बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा जिससे पढ़ाई में मन लगेगा।
- गरीब बच्चों को शिक्षा प्राप्त होगी।
- विद्यालयों में नामांकन बढ़ेगा।
- पौष्टिक पोषाहार से उनको स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।
- मिड–डे–मील कार्यक्रम में खाना उपलब्ध हाने से बच्चों का पढ़ाई की तरफ ध्यान जायेगा।

अध्ययन का शैक्षिक महत्व

देश में मध्याह्न भोजन योजना शिक्षा के सार्वभौमिकरण की पूर्ति के साथ–साथ अन्य उद्देश्यों की पूर्ति के लिये विगत लगभग 20 वर्षों से संचालित है। शोध के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया जायेगा कि क्या इस योजना की आवष्यकता देश या राज्य के सभी भौगोलिक स्थिति में समान है? यदि शोध में यह पता चलता है कि इसकी आवश्यकता सभी जगह समान नहीं है तो ऐसी स्थिति में सरकार को सुझाव दिया जायेगा कि इसे आवष्यकता के आधार पर लागू किया जाये जिससे इस योजना को और प्रभावी बनाया जा सके।

भारत में शिक्षा का सार्वभौमिकरण करने के लिए भारतीय संविधान की धारा 45 के अनुसार संसार के अन्य देशों के समान भारत ने भी बालको एवं बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए अपने उत्तरदायित्व को स्वीकार किया है। सन् 1950 में संविधान सभा ने निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा को राज्य का एक नीति निर्देषक सिद्धांत घोषित किया। इसके अनुसार राज्य इस संविधान के कार्यान्वित किये जाने

के समय से दस वर्ष के अंदर सब बच्चों के लिए जब तक चौदह वर्ष की आयु पूर्ण नहीं कर लेंगें, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा पद्धति पर आधारित होगी। यह शिक्षा निःशुल्क एवं अनिवार्य होगी। भारतीय संविधान में घोषणा होने के बाद सभी राज्यों में 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःषुल्क एवं अनिवार्य षिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। भारत की वर्तमान षिक्षा व्यवस्था में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा का आधुनिक महत्व है। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा को सर्व सुविधायुक्त एवं अनिवार्य बनाने के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं व अभियानों को लागू किया जाता है। जिसके अंतर्गत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से निःशुल्क शिक्षा दिया जा सके।

बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा हेतु शासन द्वारा सर्व शिक्षा अभियान को जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत प्राथमिक स्तर के बच्चों को ध्यान रखते हुए प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों मे मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की गई है। जिसका लाभ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के गरीब बालकों को मिल सके और विद्यालयों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या एवं ठहराव में वृद्धि हो। वर्तमान समय में मध्यान्ह भोजन योजना से सभी वर्गो के बच्चों को लाभ मिल रहा है। अतः इस प्रकार अध्ययन के शैक्षिक महत्व को स्पष्ट करता हैं।

रायपुर जिले में मिड–डे–मील कार्यक्रम की व्यवस्था में शिक्षकों को भोजन निर्माण का दायित्व निर्वाह करना होता है। जिसमें शिक्षकों को शिक्षण के अनेक अवसर प्राप्त नहीं हो पाते हैं। इसलिए शोधकर्त्ता ने रायपुर जिले की मिड–डे–मील योजना के प्रति शिक्षकों व विद्यार्थियों दृष्टिकोण जानने के लिए इस समस्या का चयन किया है।

सम्बन्धित साहित्य का अर्थ व परिभाषाएँ

1. **किलोस्कर, एल.डी. (2016)** ने केलिफोर्निया में एक अध्ययन किया जिसमें प्राथमिक शिक्षा के स्तर में बच्चों के विकास एवं पोषण को केन्द्र बिन्दु बनाया गया। किलोस्कर ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर बच्चों को संतुलित भोजन मिलने से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास तीव्र गति से बढ़ता है।
2. **राजावत, पी.एस. (2016)** ने अपने अपने अध्ययन में बताया कि मध्याह्न भोजन योजना से विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ी है। इस योजना के पीछे सरकार का यह उद्देश्य था कि बच्चों को विद्यालय में नियमित रूप से जोडा जा सके उनका ठहराव सुनिश्चित किया जा सके। मध्याह्न भोजन योजना में भोजन मिलने से विद्यार्थी पूरे समय विद्यालय में रहते है और उनकी दैनिक उपस्थिति में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।
3. **सानिया शैख, (2015)** ने अजमेर विश्वविद्यालय में अपने शोध निष्कर्ष में लिखा कि आँगनवाडी केन्द्रों पर बच्चों की संख्या का मुख्य कारण अच्छा एवं पोष्टीक भोजन है। शैख ने बताया कि जिन केन्द्रों पर भोजन पर्याप्त मात्रा या अच्छा नहीं मिलता है वहा बच्चों की संख्या कम है। ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों का आँगनबाडी केन्द्र में आने का मुख्य कारण भोजन ही है।
4. **रिजवान, मोहम्मद (2014)** के द्वारा "मिड डे मील वित्तयी तथा संगठन के आधार पर दो राज्यों में तुलनात्मक अध्ययन" के नाम से शोध किया जिसमें बताया कि पहले की तुलना में इस प्रोग्राम में उनके सुधार हुए है। परन्तु फिर भी बहुत कुछ करना शेष है। अब का भोजन ज्यादा आकर्षित है। पहले के दलिया प्रोग्राम की अपेक्षा।

समस्या का कथन

''मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन''

अध्ययन का उद्देश्य

अध्ययन के उद्देश्य के अंतर्गत शोधकर्ता द्वारा ली गयी समस्या :–

''मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन''

शोधकर्ता ने निम्नलिखित उद्देश्यों का निर्माण किया है :–

1. मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम से विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की प्रतिवर्ष दर्ज संख्या में होने वाली वृद्धि का अध्ययन करना।
2. मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम से विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की प्रति वर्ष शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पना

प्रस्तुत समस्या के अध्ययन हेतु शोधकर्त्ता ने निम्नलिखित परिकल्पनाएँ निर्मित की हैः–

1. मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम से विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की प्रतिवर्ष दर्ज संख्या में होने वाली वृद्धि में सार्थक अंतर पाया जाएगा।
2. मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम से विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की प्रति वर्ष शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया जाएगा।

अध्ययन की परिसीमा

1. प्रस्तुत अध्ययन हेतु चयनित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 5–5 प्राथमिक विद्यालयों में से कक्षा 5वीं कक्षा में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं का चयन किया गया है।
2. प्रस्तुत अध्ययन हेतु शहरी क्षेत्र से कक्षा 5वीं के 50 और ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में कक्षा 5वीं के 50 छात्र–छात्राओं का चयन किया गया है।
3. अध्ययन हेतु ग्रामीण क्षेत्र के कुल 5 और शहरी क्षेत्र के 5 प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् 100 छात्र–छात्राओं का चयन किया गया है।

शोध प्रविधि

प्रस्तुत शोध अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या

प्रस्तुत शोध अध्ययन में जनसंख्या से तात्पर्य रायपुर तहसील के ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को शामिल किया गया है।

न्यादर्श

प्रस्तुत लघुशोध के उद्देश्य की पूर्ति के लिए रायपुर तहसील का चयन किया गया है। जिसके अंतर्गत 100 विद्यार्थियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से चयन किया गया है। जिसमें 50 छात्र एवं 50 छात्राएं है जिसे यादृच्छिक न्यादर्श द्वारा चयन किया गया है।

चर

(क) स्वतंत्र चर – मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम

(ख) आश्रित चर – बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव

उपकरण

प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु आँकड़ों को एकत्र करने के लिए स्वनिर्मित उपकरण का प्रयोग किया गया है।

सांख्यिकीय विश्लेषण

प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध में प्रतिशत विधि का प्रयोग किया गया है।

परिकल्पना का प्रमापीकरण एवं परिणाम

सारणी कमांक 1

मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम से विद्यालयों में प्रतिवर्ष दर्ज संख्या का प्रश्न छात्र–छात्राओं की संख्या एवं हाँ एवं नहीं का मत दर्शाने वाली सारणी

प्रश्न कमांक	प्रश्न	विद्यार्थी	कुल संख्या	हाँ	नहीं
1.	क्या सभी छात्र–छात्राएँ निर्धारित समय में भोजन करते हैं?	छात्र	50	46	4
		छात्राएं	50	28	22
2.	क्या आपके विद्यालय में भोजन करने के लिए जगह की व्यवस्था हैं?	छात्र	50	44	6
		छात्राएं	50	26	24
3.	क्या आपके विद्यालय में भोजन करने के लिए बर्तन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं?	छात्र	50	40	10
		छात्राएं	50	32	18
4.	क्या आपको विद्यालय में भोजन करना अच्छा लगता हैं?	छात्र	50	22	28
		छात्राएं	50	34	16
5.	क्या विद्यालय में बर्तनों की साफ–सफाई में आपकी मदद ली जाती हैं?	छात्र	50	46	4
		छात्राएं	50	40	10

व्याख्या :–

परिकल्पना 1- मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम से विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की प्रतिवर्ष दर्ज संख्या में होने वाली वृद्धि में सार्थक अंतर पाया जाएगा।

इस परिकल्पना के अंतर्गत 5 प्रश्नों को रखा गया है जिसमें 50 छात्र एवं 50 छात्राओं का मत लिया गया है।

प्रश्न कमांक 1 के अनुसार क्या सभी छात्र–छात्राएँ निर्धारित समय में भोजन करते हैं? के जवाब में छात्रों के हाँ का मत 46 एवं नहीं का मत 4 प्राप्त हुआ उसी प्रकार छात्राओं में से 28 ने हाँ एवं 22 ने नहीं में उत्तर दिया।

प्रश्न कमांक 2 के अनुसार क्या आपके विद्यालय में भोजन करने के लिए जगह की व्यवस्था हैं? के जवाब में छात्रों के हाँ का मत 44 एवं नहीं का मत 6 प्राप्त हुआ उसी प्रकार छात्राओं में से 26 ने हाँ एवं 24 ने नहीं में उत्तर दिया।

प्रश्न कमांक 3 के अनुसार क्या आपके विद्यालय में भोजन करने के लिए बर्तन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं? के जवाब में छात्रों के हाँ का मत 40 एवं नहीं का मत 10 प्राप्त हुआ उसी प्रकार छात्राओं में से 32 ने हाँ एवं 18 ने नहीं में उत्तर दिया।

प्रश्न कमांक 4 के अनुसार क्या आपको विद्यालय में भोजन करना अच्छा लगता हैं? के जवाब में छात्रों के हाँ का मत 22 एवं नहीं का मत 28 प्राप्त हुआ उसी प्रकार छात्राओं में से 34 ने हाँ एवं 16 ने नहीं में उत्तर दिया।

प्रश्न कमांक 5 के अनुसार क्या विद्यालय में बर्तनों की साफ–सफाई में आपकी मदद ली जाती हैं? के जवाब में छात्रों के हाँ का मत 46 एवं नहीं का मत 4 प्राप्त हुआ उसी प्रकार छात्राओं में से 40 ने हाँ एवं 10 ने नहीं में उत्तर दिया।

2. परिकल्पना 2- मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम से विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की प्रति वर्ष शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया जाएगा।

प्रश्न कामंक	प्रश्न	विद्यार्थी	कुल संख्या	हाँ	नहीं
1.	क्या आपको पिछले 4 हफ्तों में भोजन उपलब्ध कराया गया? (छुट्टियों के दिनों को छोड़कर)	छात्र	50	32	18
		छात्राएं	50	42	8

2.	क्या आपको घर की अपेक्षा विद्यालय में अच्छा भोजन प्राप्त होता हैं?	छात्र	50	20	30
		छात्राएं	50	28	22
3.	क्या आपको रोजाना एक ही प्रकार का भोजन उपलब्ध कराया जाता हैं?	छात्र	50	32	18
		छात्राएं	50	40	10
4.	क्या आपके विद्यालय में भोजन करने के लिए बर्तन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं?	छात्र	50	28	22
		छात्राएं	50	32	18
5.	क्या सभी छात्र–छात्राएँ निर्धारित समय में भोजन करते हैं?	छात्र	50	44	6
		छात्राएं	50	40	10

व्याख्या :–

परिकल्पना H_2 :– मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम से विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की प्रति वर्ष शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया जाएगा।

इस परिकल्पना के अंतर्गत 5 प्रश्नों को रखा गया है जिसमें 50 छात्र एवं 50 छात्राओं का मत लिया गया है।

प्रश्न कमांक 1 के अनुसार क्या आपको पिछले 4 हफ्तों में भोजन उपलब्ध कराया गया? (छुट्टियों के दिनों को छोड़कर) के जवाब में छात्रों के हाँ का मत 32 एवं नहीं का मत 18 प्राप्त हुआ उसी प्रकार छात्राओं में से 42 ने हाँ एवं 8 ने नहीं में उत्तर दिया।

प्रश्न कमांक 2 के अनुसार क्या आपको घर की अपेक्षा विद्यालय में अच्छा भोजन प्राप्त होता हैं? के जवाब में छात्रों के हाँ का मत 20 एवं नहीं का मत 30 प्राप्त हुआ उसी प्रकार छात्राओं में से 28 ने हाँ एवं 22 ने नहीं में उत्तर दिया।

प्रश्न कमांक 3 के अनुसार क्या आपको रोजाना एक ही प्रकार का भोजन उपलब्ध कराया जाता हैं? के जवाब में छात्रों के हाँ का मत 32 एवं नहीं का मत 18 प्राप्त हुआ उसी प्रकार छात्राओं में से 40 ने हाँ एवं 10 ने नहीं में उत्तर दिया।

प्रश्न कमांक 4 के अनुसार क क्या आपके विद्यालय में भोजन करने के लिए बर्तन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं? के जवाब में छात्रों के हाँ का मत 28 एवं नहीं का मत 22 प्राप्त हुआ उसी प्रकार छात्राओं में से 32 ने हाँ एवं 18 ने नहीं में उत्तर दिया।

प्रश्न कमांक 5 के अनुसार क्या सभी छात्र–छात्राएँ निर्धारित समय में भोजन करते हैं? के जवाब में छात्रों के हाँ का मत 44 एवं नहीं का मत 6 प्राप्त हुआ उसी प्रकार छात्राओं में से 40 ने हाँ एवं 10 ने नहीं में उत्तर दिया।

सार्वभौमिक निष्कर्ष

अनुसंधान के निष्कर्ष समस्या के समाधान होते है। उनका प्रतिपादन शोध सामाग्री के विश्लेषण द्वारा प्राप्त परिणामों के आधार पर किया जाता है निष्कर्ष सामाग्री विश्लेषण द्वारा प्राप्त परिणामों को समस्या से जोड़ता है। निष्कर्षों की स्थापना के स्तर पर शोधकर्ता सतही परिणामों की गहराई में जाकर उनके सिद्धांतों एवं व्यवहारिकता की समीक्षा करता है इस संपूर्ण क्रिया में शोध कर्ता की मानसिक क्षमता, विषय का ज्ञान एवं कल्पना शक्ति का बहुत महत्व होता है। मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का ग्रामीण एवं शहरी प्राथमिक विद्यालयों की विद्यार्थियों की शिक्षा एवं स्वास्थ पर मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का तुलनात्मक अध्ययन किया गया अध्ययन के लिए आंकड़ों का उपयोग किया गया जिससे यह स्पष्ट हुआ कि मध्यान्ह भोजन से ग्रामीण व शहरी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का शिक्षा पर कोई प्रभाव नहीं देखा गया। ग्रामीण प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के स्वास्थ पर मध्यान्ह भोजन का कोई प्रभाव नहीं देखा गया और शहरी

विद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का मध्यान्ह भोजन का स्वास्थ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा न खराब हुआ न अच्छा हुआ। भोजन की जगह की व्यवस्था भोजन का समय और अधिकारियों, शिक्षकों का समय–समय पर अवलोकन किया गया इन सभी में मत उपयुक्त पाया गया। इसका निष्कर्ष यह है कि मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का ग्रामीण एवं शहरी प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की शिक्षा एवं स्वास्थ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

सुझाव

1. राज्य शासन को चाहिए कि माध्यन्ह भोजन कार्यक्रम हेतु निर्धारित राशि की सीमा बढ़ाई जानी चाहिए।
2. राज्य शासन को चाहिए कि महिला स्वसहायता समूह द्वारा संचालित माध्यन्ह भोजन कार्यक्रम का समय–समय पर निरीक्षण करना चाहिए ।
1. माध्यन्ह भोजन करते समय छात्र–छात्रओं की स्वास्थ्य और सफाई पर ध्यान देना चाहिए।
2. माध्यन्ह भोजन कार्यक्रम से छात्र–छात्रओं एवं शिक्षकों को होनी वाली समस्या हेतु शासन को निर्देश तथा सुझाव देना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. सरीन एण्ड सरीन (2003), ''शैक्षिक अनुसंधान विधियाँ'', पृ. संख्या –23।
2. पाठक पी. डी. (2005), ''शिक्षा मनोविज्ञान'', पृ. संख्या –25–35।
3. पाण्डेय राम शकल (1987), ''शिक्षा दर्शन'' विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, तेरहवाँ संस्करण, पृष्ठ संख्या 25–30।
4. महेश भार्गव (1992–93), ''मनोविज्ञानिक परीक्षण एवं मापन'' शैक्षिक प्रकाशन, आगरा पृष्ठ संख्या 45–46।
5. भटनागर आर. पी. एवं भटनागर मीनाक्षी (2005), ''शिक्षा अनुसंधान'' इंटरनेशनाल पब्लिसिंग हाउस, मेरठ, द्वितीय संस्करण, पृष्ठ संख्या 223–233।
6. भटनागर (1973), ''अनुसंधान परिचय'' लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, पृष्ठ संख्या 62–90।
7. कपिल डॉ. एच. के. (1992–93), ''अनुसंधान विधियाँ'' भार्गव बुक हाउस, सप्तम संस्करण, पृष्ठ संख्या 38–40, 71–75।
8. मड डे मील कार्यक्रम (दिशा निर्देश) ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग छत्तीसगढ़, रायपुर छत्तीसगढ़ सरकार।
9. बुच. एम.बी. फोर्थ सर्वे ऑफ रिसर्च इन एजुकेशन, एनसीईआरटी, नई दिल्ली 1983–88
10. मदान, यादव एवं भदौरिया (2013), भारत में शिक्षा व्यवस्था का विकास तथा समस्यायें, अग्रवाल पब्लिकेशंस, आगरा

A Study Of Defence Mechanism Among The Students Of Class 11th In Raipur City

Dr. Savita Soloman,
Assistant Professor, Pragati College, Raipur

Summary

Introduction :-

Defense mechanisms are unconscious state of mind. Our minds find a way out for our emotions and satisfy us, take away us from unpleasant circumstances. It is the conflict between ego and super ego, one made a person emotional (sorrow, angry, unpleasant) and the other make it bearable and provide a way out from this unpleasant emotional conditions. Defense mechanism is protection from undesired emotions and help during the time of grief and sorrow but sometimes it can take wrong turn and could be very dangerous. Defense mechanism sometime can split the personality of a person which led to amore difficult stage where one needs the help of a qualified professional to help him and bring him on the right track.

"Defense mechanisms are psychological strategies employed by a person in order to reduce or avoid negative states such as conflicts, frustration, anxiety and stress."

- Encyclopedia of Psychology

"Defense mechanisms are the devices that ego defends itself against conflicts and anxieties by forcing unpleasant thought and impulses to the unconscious level."

- Sigmund Fraud

Importance of defense mechanism

This study was important for those who are interest in psychological literature, and it is also useful for everybody in a society. it can by a guideline for understanding children behaviour.

Study of related literature

The relevant literature helps in lying the foundation of their search directs in the investigator in designing the research design developing & executing the research and helps in developing confidence in the investigator.

1. Fatimah Sadat Sepidehdam (2012) "A study of relatio between defense mechanisms and job bush out among ilran AIR Staff." there is a significant difference between the once striction with job burnout and the ones not sticker with it in neurotic defense style.
2. Jodi, Ann Lord (2009) "Identification of a dominnt defense mechanism for children in other middle childhood in dealing with feel. The finding of result revealed that the children in their middle childhood had high level of feelings.
3. David, J. Hannah (2008) "A study of defense mechanisms of perfectionalist." Results revealed that significant defensives were found among the groups on mature, immature and neurotic defense styles.
4. Cramer, P. (2003) "A study of defense mechanism and psychological adjustment in childhood. There was no relationship between childless use of denial and their level of perverted competence.

5. Rishipal (2001) "Managerial effectiveness and defense mechanism styles: a comparison of different level of managers." 1. The findings of results revealed that there was a significant difference in male and female managerial affections and defense mechanism at different level. 2. There is a negative and significant correlation between the managerial effectiveness of junior level manager and the immature styles of defense mechanism adopted by them.
6. Mrinal, W.R. and Fadnis, P.B. (1984) A study of defense mechanism in defense personal. The results that there is no significant difference of level of defense mechanism in their defense style.

Statement of the Problem

A study of defense mechanism among the students of class 11th in raipur city

Objective of research

1. To study defense mechanisms used by the students of class XI.
2. To study why such defense mechanisms were used.

Hypothesis

H_1 There will be a significant difference between the turning against object (TAO) of defense mechanism among the government and private school students of class XI.

H_2 There will be a significant difference between the projection (PRO) of defense mechanism among the government and private school students of class XI.

Operational definition

"Defense mechanisms are the attempts by the individual to reduce anxiety. Their functions serve at the level of unconsciousness. they may not completely solve the problems. They appear to extend time for direct problem solving."

- Devid Krech, Richard S. Cructhfletd and Norman Livson

Variables of the problem

Independent variable : Students of Class XI

Dependent variable : Defense Mechanism

Delimitation

1. The study is limited to the schools located in the Raipur city.
2. For this study, the students of class 11th were sampled.
3. For this study, the sample has been taken from a limited area under which the field work was carries out.
4. For this study, the sample has been taken from 5 government and 5 private schools only.

Research methodology: In the present study, descriptive survey research method is adopted and employed. The private and Government school students of class 11 of Raipur (C.G.) have been taken as the population. 100 students of class 11^{th} of private and Government schools from Raipur (C.G.) city have been taken as the sample. Simple random sampling method is used.

Tools

"A study of defense mechanism among the students of class XI. I used the manual." Defense mechanism inventory (DMI) made by Dr. N.R.Mrinal and Usha Singhal.

Statistical analysis

The following statistics was used in representing information received for the study in order to describe the characteristic of information of sample by using Mean, standard deviation, Critical Ratio and T-test to test hypotheses.

Testing & proving the hypothesis

H_1 There will be a significant difference between the turning against object (TAO) of defense mechanism among the government and private school students of class XI.

Table no. 1

Table showing the scores of mean, standard deviation and critical ratio between the TAO of defense mechanism among government and private school students

School	No. of students	Mean	S.D.	C.R.	Significant or Insignificant
Government School	50	50.50	6.81	2.85	Significant at 0.05 level
Private School	50	56.46	13.11		

The above table shows that, 50 government school and 50 private school students, the mean values are 50.50 and 56.46 respectively on the basis of which we can conclude that private school students used more TAO of self defense mechanism than that of government school students and standard deviation is 6.81 and 13.11.

on the basis of mean value, the critical ratio (C.R.) was calculated and it was 2.85 for degree of freedom 98 at 0.05 level, the table value for t was 1.98 which was less than ours calculated value. Hence it was indicated that there is difference in the TAO of defense mechanism and therefore the Hypothesis-1 that "there will be significant difference between the turning against object of defense mechanism among the government and private students of class XI is proved.

H_2 There will be a significant difference between the projection (PRO) of defense mechanism among the government and private school students of class XI.

Table no. 2

Table showing the scores of mean, S.D. and C.R. of PRO of defense mechanism among government and private school students

School	No. of students	Mean	S.D.	C.R.	Significant or Insignificant
Government School	50	52.64	11.66	2.25	Significant at 0.05 level
Private School	50	55.26	10.86		

It was from the table that, 50 government school students and 50 private school students, the mean values are 52.64 and 55.26 respectively.

On the basis it was concluded that private school students use more PRO of sect defense mechanism than that of government school students, and also S.D. value from both the school was 11.66 and 10.86 respectively.

On the basis of difference is mean value of both government and private school critical ratio (CR) was calculated and it was 2.25. At 98 degree of freedom at 0.05 level, the table value was 1.98 which was less than our calculated value. Hence, it was indicated that there is difference in the mean value of PRN of government and private school students and hence the

Hypothesis-2. There will be significant difference between the projection (PRO) of defense mechanism among the government and private school students of class XI was proved.

Result

the present study reveals that in the first hypothesis i.e. "There will be a significant difference between the turning against object of defense mechanism among the government and private school students of class XI." it was found that use of TAO of defense mechanism among private school students is more than that of government school students.

Also after the analysis of second hypothesis i.e. "There will be significant difference between the projection (PRO) of defense mechanism among the government and private school students of class XI." it was found that the use of PRO of defense mechanism among private school students is more an compared to government school students.

Conclusions

The defense mechanism have a great role in our lives. They are essential in order to improve ourselves and accommodate for the changing conditions. Every individual wants to get rid of the blockades. Undoubtly 11th grade students wants to get rid of the blockader that they face by benefitting from the defense mechanism.

These students use the defense mechanism whenever they face several events like, difficulties in their lessons or exams, arguments with their friends and families, facing sad impetuses originated from the outside, world and resulted in frustration and trial to protect themselves when someone attempt to injure them.

Students apply these mechanism in order to get rid of these difficult situations and to remove the air of depression originated from rough exam psychology and stress.

Consequently defense mechanism are used by the 11th grade students in a way escaping from blockades comporting them selves and eliminating the stress.

Follow up studies

1. Defense mechanism among the students of ICSE and CBSE.
2. Defense mechanism among the students of urban and rural areas.
3. Defense mechanism among the students of Graduation Level.
4. Defense mechanism among the students of Post Graduation level.

Bibliography

1. Cramer, P. (2000). Defense mechanism is psychology today : Further Process for Adaptation. American Psychologist, 55, 637-646
2. Cramer, P. (2001). Identification and its relation to identity development. Journal of Personality, 69, 667-687
3. Cramer, P. (1998). Defense mechanism in contemporary personality research. Journal of Personality, 66, 879-1157
4. Freud, A. (1936) the ego and the mechanisms of defense. New your: International University Press.
5. Hibbard, S., Farmer, L., Wells, C., Difillipo, E. Barry, W. Korman, R. et. al. (1994) validation of Cramer's defense mechanism manual for the TAT. Journal of personality Assessment. 63, 197-210

Gurukul International Multidisciplinary Research Journal (GIMRJ)*with* International Impact Factor 6.222
Peer Reviewed Journal

ISSN No. 2394-8426
Jan-2022
Issue–IV(I), Volume–IX

शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की व्यावसायिक आकांक्षा स्तर का तुलनात्मक अध्ययन

* **भारती भार्गव,** एम.एड. (प्रशिक्षार्थी) प्रगति महाविद्यालय, चौबे कालोनी रायपुर (छ.ग.)

** **डॉ. सविता सालोमन,** सहा. प्राध्यापिका (शिक्षा संकाय) प्रगति महाविद्यालय, चौबे कालोनी रायपुर (छ.ग.)

सारांश

प्रस्तुत अध्ययन हेतु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले केवल 12वीं कक्षा वाले लगभग 16 से 18 वर्ष के आयु के छात्र–छात्राओं का चयन किया गया है। इस अध्ययन हेतु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले सभी संकाय के छात्रों का चयन किया गया है। इस अध्ययन के लिए डॉ. जे. एस. ग्रेवाल द्वारा प्रस्तुत व्यवसायिक आकांक्षा परीक्षण का प्रयोग किया। इसमें ''शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की व्यावसायिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।'' ''शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों (बालकों) की व्यावसायिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया गया। ''शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों (बालिकाओं) की व्यावसायिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।''

भूमिका

मनोवैज्ञानिक एवं समाजशास्त्रीय आकांक्षाओं का स्तर किसी व्यावसाय चयन के क्षेत्र में संबंध रखते हैं अतः व्यावसायिक आकांक्षा का साधारण अर्थ किसी व्यक्ति द्वारा आदर्श माना गया व्यावसाय है। वर्तमान जगत में व्यावसायिक चयन एक महत्वपूर्ण विषय है। आर्थिक दृष्टिकोण से इसका महत्व अवर्णनीय है। समाज एवं राष्ट्र की दृष्टि से भी इसका बहुत अधिक महत्व है। जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए तथा उसको सुखमय बनाने के लिये प्रत्येक व्यक्ति को कोई न कोई कार्य अवश्य करना पड़ता है, क्योंकि उसके बीना जीवन के आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं होती इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कोई न कोई व्यावसाय करना पड़ता है। प्रत्येक व्यक्ति में आकांक्षा का स्तर भिन्न–भिन्न पाया जाता है, उसी प्रकार कार्यों में भी भिन्नता होती है। आकांक्षा और आकांक्षा स्तर व्यक्ति के जीवन निर्माण को प्रभावित करता है। एक व्यक्ति क्या बनने की आकांक्षा रखता है वह इस दिशा में कितना प्रयास या सफलता प्राप्त करना चाहता है, यह सब उस व्यक्ति की आकांक्षा स्तर पर निर्भर करता है और यही आकांक्षा स्तर व्यक्ति के लक्ष्य को निर्धारित करते हैं। अतः उनकी व्यवसायिक आकांक्षा में भी अंतर होना स्वाभाविक है। शोधकर्ता ने अपने इस लघुशोध में यही जानने का प्रयत्न किया है विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत छात्रों की व्यवसायिक आकांक्षा अलग–अलग है। छात्र–छात्राओं की आकांक्षाएं भिन्न–भिन्न क्यों है, यही कारण जानने का हम प्रयास कर रहे हैं।

अध्ययन का महत्व

शिक्षा सतत् व अनवरत चलने वाली प्रकिया है। मानव जन्म से मृत्यु तक जो कुछ सीखता है, अपनाता है और अनुभव करता है वह शिक्षा ही है। शिक्षा के द्वारा ही वह समृद्धि प्राप्त करता है। यह वह ज्ञान है जो बालक रूपी हीरे की कमशः बुराईयों को दूर करके उसमें आंतरिक गुणों को जगमगा देता है। जिसके प्रकाश में बालक स्वयं अपने व्यक्तित्व का निर्माण करता है और समाज को भी लाभ पहुंचाता है। शिक्षा के माध्यम से ही संसार की वैज्ञानिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति संभव है। सभ्यता के प्रारंभिक अवस्था में विद्यालय नहीं थे। परिवार, समुदाय तथा धार्मिक संस्थाएं ही विद्यालय का काम करती थी। मानव का अनुभव सोचने की क्षमता समय अति संकीर्ण थी मानव जीवन अति सरल एवं उदार था किन्तु ज्यों ज्यों सभ्यता बढ़ती गई, जीवन रूपी पथ दुर्गम होता गया।

आज के युग में विभिन्न क्षेत्रों में इतना अधिक विकास एवं अविष्कार हो चुका है कि किसी भी एक व्यक्ति के लिए यह संभव नहीं है कि संपूर्ण विषय की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। ऐसी स्थिति में मनुष्य के अनुभवों को विभिन्न श्रेणियों में विभक्त करके विद्या सामग्री को इतना सीमित, निश्चय तथा अनुस्तरित करके, योग्यता के अनुरूप पाठ्यक्रम का निर्माण करना आवश्यक हो जाता है। यह समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तथा एक मनोवैज्ञानिक समस्या का रूप धारण करती जा रही है। समस्या के कारणों का खोज करने पर हम उसकी जड़ें प्रोत्साहन, वातावरण एवं बालकों की रूचि की धरातल पर पाते हैं।

अक्सर अभिभावक सुविधाएं तो काफी जुटा लेते हैं परन्तु बालक की रूचि एवं वातावरण पर ध्यान नहीं देते जिससे बालक का यथेष्ट विकास नहीं हो पाता। परिणामतः बालक का शैक्षिक एवं व्यावसायिक आकांक्षा प्रभावित होती है साथ ही शोधकर्ता ने समस्या का चुनाव करते हुए इस बात का ध्यान रखा कि शासकीय अथवा अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनतरत् बालकों की शैक्षिक अथवा व्यावसायिक आकांक्षा किस तरह से प्रभावित होती है? एवं क्या प्रभाव पड़ता है? इस अध्ययन के लिए उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को चुना गया, क्योंकि इस स्तर के बालकों की शैक्षिक आकांक्षा पर ही उस बालक के भविष्य की नींव टिकी है। उसकी भविष्य को व्यावसायिक रूचि, शैक्षिक विषय का चयन आदि के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

संबंधित शोध साहित्य

नागमणि (2002) ने उच्चशिक्षित, अशिक्षित एवं निम्न शिक्षितत अभिभावकों के पाल्यों के व्यावसायिक आकांक्षा का तुलनात्मक अध्ययन किया और निष्कर्ष निकाला कि – निष्कर्ष : माता–पिता का शैक्षिक स्तर बालकों के व्यावसाय चयन का प्रभावित करता है। उच्च शिक्षित अभिभावक के बच्चे उच्च सय व्यावसाय का चयन करते हैं। जबकि वर्तमान में माता–पिता का सामाजिक स्तर उसकी व्यावसायिक चयन को व नहीं करता है और निम्न सामाजिक स्तर वाले का के बालक भी उच्च स्तरीय व्यावसाय का चयन करते पाये गये।

रमा (1986) ने भिलाई इस्पात संयंत्र के उच्चतर माध्यमिक श के विज्ञान एव कला विषय के छात्रों की व्यावसायिक का स्तर का तुलनात्मक अध्ययन पर शोधकार्य किया तथा निम्नांकित निष्कर्ष प्राप्त किये – विज्ञान विषय के छात्रों की व्यावसायिक आकांक्षा कला विषय के छात्रों की व्यावसायिक आकांक्षा से उच्च होगी। अंग्रेजी माध्यम के स्कूल के विज्ञान विषय के छात्रो की व्यावसायिक आकांक्षा, कला विषय के छात्रों की व्यावसायिक आकांक्षा से उच्च होगी।

आर. एल. शर्मा (1981) इन्होनें कोटा महाविद्यालय में व्यावसायिक प्रधानता एवं समायोजन के संदर्भ में शोध कार्य किया। इन्होंने शोध में 100 प्रतिदर्श का चयन किया था जो हाई स्कूलिस्ट एथिक्स के लिए था तथा निम्न परिणाम निकाले। व्यावसायिक मानता पर समायोजन का विशेष रूप से संबंध होता है।

समस्या का कथन

''शासकीय एवं गैर शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 12वीं के विद्यार्थियों की व्यावसायिक आकांक्षा स्तर का तुलनात्मक अध्ययन''।

अध्ययन का उद्देश्य

1. छात्र–छात्राओं की व्यावसायिक आकांक्षा स्तर का मापन करना।
2. बालकों एवं बालिकाओं के व्यावसायिक आकांक्षा के अनुरूप कार्य करने का अवसर दिया जाये, जिससे वह अपने व्यक्तित्व का पूर्ण विकास कर सकें।

अध्ययन की परिकल्पना

H1 – ''शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की व्यावसायिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।''

H2 – ''शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों (बालकों) की व्यावसायिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।''

H3 – ''शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों (बालिकाओं) की व्यावसायिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।''

अध्ययन की परिसीमा

1. दुर्ग जिले के भिलाई नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया है।
2. इस अध्ययन हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शासकीय एवं गैरशासकीय विद्यालयों का चयन किया गया है।

शोध विधि

शोधकर्ता ने प्रतिदर्श के लिए लॉटरी विधि का उपयोग किया गया है।

न्यादर्श

उ. मा. विद्यालय में अध्यनरत् विद्यार्थियों के व्यावसायिक शिक्षा व गैर व्यावसायिक शिक्षा के प्रति रूचि का अध्ययन करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से कुल 120 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

चर

शोधकर्ता ने उच्चतर माध्यमिक स्तर के कक्षा 12वीं के शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के विद्यार्थियों के व्यवसायिक आकांक्षा का अध्ययन किया है जिसमें व्यावसायिक आकांक्षा को आश्रित चर तथा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को स्वतंत्र चर के रुप में लिया गया है।

उपकरण

व्यावसायिक आकांक्षा मापन आकांक्षा मापन का चयन समस्या से संबंधित विद्यार्थियों की आकांक्षा मापने के आंकड़ों को एकत्र करने के लिए शोधकर्ता ने डॉ. जे. एस ग्रेवाल रीडर शिक्षा विभाग रीजनल कालेज ऑफ भोपाल द्वारा निर्मित निर्मित व्यवसायिक आकांक्षा मापनी की सहायता से किया। इस मापनी में विभिन्न व्यवसायों के क्रमानुसार उच्च मध्यम और निम्न क्रम में रखा गया। यह छात्रों की मानसिक और बौद्धिक इच्छानुसार निर्धारित है।

सांख्यिकीय विश्लेषण

व्यवसायिक आकांक्षा मापन हेतु फलांकन के पश्चात् आंकड़ों को प्रमाणीकृत आंकड़ों में परिवर्तित किया गया। इसका परीक्षण करने के लिए मध्यमान, प्रमाणिक विचलन, क्रांतिक अनुपात एवं टी मूल्य की गणना कर परिणाम को प्राप्त किया गया है।

तालिका कमांक – 1

शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की व्यवसायिक आकांक्षा स्तर का संख्या, मध्यमान, प्रमाप विचलन, टी मूल्य एवं परिणाम दर्शाने वाली सारणी

क्रं.	विद्या का विवरण	प्रदत्तों की कुल संख्या	मध्यमान	प्र/वि.	टी. मूल्य	परिणाम
1	शास.	60	44.4	7.60		अस्वीकृ

	विद्यालय				3.64	त
2	अशास. विद्यालय	60	49.1	6.41		
df = 118						

व्याख्या :–

उपयुक्त सारणी से स्पष्ट है कि शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की व्यवसायिक आकांक्षा का मध्यमान 44.4 तथा प्रमाणिक विचलन 7.60 प्राप्त हुआ है, एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की मध्यमान 49.1 तथा प्रमाणिक विचलन 6.41 प्राप्त हुआ है। दोनो के मध्य टी. का मूल्य 3.64 प्राप्त हुआ जो सार्थकता स्तर 0.01 पर तालिका मूल्य 2.62 से अधिक है। जो सार्थक अंतर सिद्ध करता है, अतः शोधकर्ता का परिकल्पना अस्वीकृत होता है। उपरोक्त निष्कर्ष से जानकारी प्राप्त होती है, कि शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की व्यवसायिक आकांक्षा के मध्य सार्थक अंतर पाया गया।

यह इसलिए संभव है क्योंकि हिंदी माध्यमों (जो कि छ.ग.शि.मंडल द्वारा संचालित विद्यालय) के विद्यार्थियों के मध्य कुछ प्राथमिक अंतर होता है, उन विद्यालयों में पाये जाने वाले सुविधाओं एवं शिक्षकों के शिक्षण प्रकिया, उनके दिनचर्या से प्रभावित हो सकते हैं एवं साथ ही हम यह भी देखते हैं कि शासकीय विद्यालयों में शिक्षा को मात्रा साक्षरता या प्रमाण पत्र की दृष्टि से देखते हैं, लेकिन अशासकीय विद्यालयों में शिक्षा के मूल मंत्र के आधार पर उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देते हैं। साथ ही व्यवसायिक आकांक्षा एवं व्यक्तिगत भिन्नता पर भी निर्भर करती है, यही कारण है कि व्यवसायिक आकांक्षा में अतंर पाया गया– H_2 ''शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के छात्र (बालकों) के व्यवसायिक आकांक्षा स्तर में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।''

तालिका कमांक – 2

शासकीय एव अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के छात्र (बालकों) के व्यवसायिक आकांक्षा स्तर का संख्या, मध्यमान, प्रमाप विचलन, टी मूल्य एवं परिणाम दर्शाने वाली सारणी

क्रं.	छात्रों का विवरण	प्रदत्तों की कुल संख्या	मध्यमान	प्र/वि.	टी. मूल्य	परिणाम
1	शास.विद्यालय के बालक	30	45.13	7.60	3.01	अस्वीकृत
2	अशास. विद्यालय के बालक	30	51.0	6.72		
	df = 58					

व्याख्या :–

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों (बालको) का व्यवसायिक आकांक्षा का मध्यमान 45.13 तथा प्रमाणिक विचलन 7.60 प्राप्त हुआ है एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों (बालको) के व्यवसायिक आकांक्षा का मध्यमान 51.0 तथा प्रमाणिक विचलन 6.72 प्राप्त हुआ है, एवं दोनों चरों के मध्य टी का मूल्य 3.01 प्राप्त हुआ है। जो कि सार्थकता स्तर 0.01 के तालिका मूल्य 2.66 से अधिक है। जो कि सार्थक अंतर सिद्ध करता है, अतः शोधकर्ता का परिकल्पना अस्वीकृत होता है। उपरोक्त निष्कर्ष से जानकारी प्राप्त होता है कि शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी (बालको) के व्यवसायिक आकांक्षा के मध्य सार्थक अंतर है।

यह इसलिए भी हो सकता है कि शासकीय शालाओं के अपेक्षा अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षण के अलावा अन्य कार्य नहीं करने पड़ते हैं जिससे वे छात्रों के साथ ज्यादा समय देते हैं। साथ ही इन स्कूलों के संचालक व्यवस्था के उपर कम स्कूलों की जिम्मेदारी होती है और वे जिसके कारण शिक्षकों का कार्य निर्वहन पर नियंत्रण अच्छे तरीके से रख पाते हैं उन पर परिवार के आदर्शो, शिक्षा एवं विचारों के कारण अच्छा प्रभाव पड़ता है, जबकि शासकीय विद्यालयों में कम पढ़े लिखे आर्थिक– दृष्टि से पिछड़े एवं विचारों में निम्नता वाले परिवार के बच्चे के कारण भी इनकी व्यवसायिक आकांक्षा व्यक्तिगत भिन्नता पर निर्भर करता है। यही कारण है कि दोनों प्रकार के बालकों के व्यवसायिक आकांक्षा में अंतर पाया गया।

H_3 ''शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत् 10वीं के विद्यार्थियों (बालिकाओं) के व्यवसायिक आकांक्षा स्तर में सार्थक अतर नहीं पाया जायेगा।

तालिका कमांक – 3

शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो में अध्ययनरत् कक्षा 12वी छात्राओं के व्यवसायिक आकांक्षा स्तर का संख्या, मध्यमान, प्रमाप विचलन, टी मूल्य एवं परिणाम दर्शाने वाली सारणी

क्रं.	छात्राओं (आंकड़ों) का विवरण	प्रदत्तों की कुल संख्या	मध्यमान	प्र/वि.	टी.मूल्य प्राप्ती	परिणाम
1	शास. विद्यालय के छात्राएं	30	43.66	7.59	1.90	स्वीकृत
2	अशास. विद्यालय के छात्राएं	30	47.13	6.09		
df = 58						

व्याख्या :–

सारणी क्रमांक 4.3 से स्पष्ट है कि शासकीय विद्यालयो के छात्राओं के व्यवसायिक आकांक्षा का मध्यमान 43.66 तथा प्रमाणिक विचलन 7.59 प्राप्त हुआ है, एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्राओं का मध्यमान 47.13 तथा प्रमाणिक विचलन 6.09 प्राप्त हुआ है दोनों के मध्य टी का मान 1.90 प्राप्त हुआ है, जो सार्थकता स्तर 0.01 के तालिका मूल्य 2.66 से कम है। अतः सार्थक अंतर नहीं दर्शाता है। अतः शोधकर्ता का परिकल्पना स्वीकृत होता है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि शासकीय एवं विद्यालयो के छात्राओं के व्यवसायिक आकांक्षा में कोई अंतर नहीं पाया गया।

निष्कर्ष

संपूर्ण परिकल्पनाओं एवं निष्कर्षो के विवेचना से यह निष्कर्ष निकलता है कि बालको की शैक्षिक आकांक्षा एवं आकांक्षा पर उनके विद्यालयीन एवं निवास स्थान का भी प्रभाव पड़ता है। शासकीय विद्यालयो की अपेक्षा कर विद्यालयो के विद्यार्थियो की व्यवसायिक आकांक्षा में भिन्नता होती है। साथ ही निष्कर्षो से यह स्पष्ट है, कि शासकीय विद्यालयों के छात्र एवं अशासकीय विद्यालयो के छात्र (बालकों) के व्यवसायिक आकांक्षा में सार्थक अंतर पाया गया।

लेकिन शासकीय विद्यालयों के छात्राओं एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्राओ के व्यवसायिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अन्य निष्कर्षों के परिणाम के अनुसार यह कहा जा सकता है कि

शासकीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के व्यवसायिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया गया, एवं अशासकीय घालयों के छात्र–छात्राओं के व्यवसायिक आकांक्षा में सार्थक अंतर पाया गया ऐसा इसलिए हो सकता है कि समान विद्यालयों में एक समान सुविधाएं, शिक्षा, वातावरण, निर्देशन एवं साथ ही एक ही जैसे पाठ्यकम व संचालन विधि आदि एक समान प्रभाव के कारण ऐसा होता है।

सुझाव

इस सर्वेक्षण से ऐसा प्रतीत होता है कि विद्यार्थियो की शाकांक्षा का निर्माण एवं उत्कर्ष विद्यार्थियों के आसपास तथा परिवेश से सीधे संबंधित रहते हैं। सामाजिक साथ पारिवारिक और विद्यालयीन परिवेश भी काफी भमिका अदा करते हैं। यदि यह सारा वातावरण कतानुसार अनुकूलता प्रदान करता रहे तो किसी भी विद्यार्थी र व्यवसायिक आकांक्षा का निर्माण उस बालक की उच्चतम मानसिक योग्यता के आधार पर किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त शिक्षण संस्थान में भाव एवं अभिव्यक्ति में एकरूपता आवश्यक है। विद्यालयों में छात्रों को व्यवसाय भिन्नता की जानकारी से अवगत कराते रहना चाहिए। इसके लिए उचित परामर्श और मार्गदर्शन की कक्षाएं चलाना चाहिए। उन्हें विभिन्न व्यवसायो की शैक्षणिक योग्यता के संबंध में विधिवत् विस्तृत जानकारी देना चाहिए।

- पाठ्यक्रम अभिरुचि पूर्ण हो जिससे विद्यार्थियो में जिज्ञासा पूर्ण होने की स्थिति आये।
- व्यवसायिक आकांक्षा की पूर्ति हेतु नवीन पद्धति का समावेश होना चाहिए।
- उनकी आकांक्षा या जिज्ञासा की पूर्ति हेतु सटीक परिकल्पना भी आवश्यक है।
- अभिभावकों द्वारा पाल्यों को अच्छी सुविधाऐं दी जानी चाहिए।
- शिक्षकों को चाहिए कि छात्रों के आकांक्षा को समझकर उनका सही तरीके से विकास करने में सहयोग दें।
- बालक यदि किसी विषय या खेल के प्रति विशेष रुचि रखते हैं तो अभिभावक को उनका उत्साहवर्धन करना चाहिए। जिससे उनकी रुचि एवं उपलब्धि कुछ विशेष क्षेत्र में दृढ़ता को प्राप्त कर सकें।

शैक्षणिक निहितार्थ

इस शोध अध्ययन में शिक्षा की उपयोगिता बहुत महत्वपूर्ण है। देश में सामाजिक परिवर्तन तीव्र गति से हो रहे हैं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में अंतर संबंध बढ़ रहा है, पिछड़े तथा दबे लोगों के समाज में चेतना जागृत हो रही है। एक प्रकार से देश में नवीन सामाजिक संरचना का विकास हो रहा है, इसके प्रभाव से विद्यालय भी वंचित नहीं है और परिवर्तनो का सबसे बड़ा एवं महत्वपूर्ण रास्ता शिक्षा है।

शैक्षणिक अनुसंधान उचित प्रकार सामाजिक संबंध विकसित करने में सहायक हो सकता है शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षा प्रकिया का अभिन्न अंग है। मनोविज्ञान बालक के भावात्मक विकास पर अधिक ध्यान देता है। भावात्मक विकास, व्यक्तित्व विकास में परिवार तथा विद्यालय के वातावरण की भूमिका अहम होती है। अनुसंधान द्वारा हम ज्ञात कर सकते हैं कि विद्यालय में उपयोगी एवं शिक्षाप्रद वातावरण का निर्माण कैसे हो सकता है ? अधिगम सरल बनाने, शिक्षण मे अभिप्रेरणा तथा रूचि पर ध्यान देने एवं उचित अभिवृत्तियों के विकास, असामान्य एवं प्रतिभाशाली बालकों के शिक्षण से संबंधित समस्याओं के अध्ययन में अनुसंधान द्वारा ही सहायता मिल सकती है। शिक्षण प्रकिया से अध्यापक प्रशिक्षण और शिक्षण का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। प्रत्येक विषय में नवीन ज्ञान की अभिवृद्धि हो रही है, अनुसंधान द्वारा ही शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम को परिमार्जित किया जा सकता है। प्रशिक्षण की नवीन विधियो के विकास में

अनुसंधान अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकता है। शैक्षिक प्रशासन शिक्षा में नवीन नीतियों की सफलता की कुंजी है, पाठ्यक्रम की रचना करना बड़ा जटील कार्य है। पाठ्यक्रम प्रत्येक स्तर के लिये पृथक–पृथक होता है। इसके निर्माण के समय समय छात्रों की आयु बौद्धिक स्तर, पर्यावरण तथा विज्ञान ध्यान देना आवश्यक है।

संदर्भित ग्रंथ सूची

- ए.बी.बी.जे.ओ. (1970) ''नाईजीरियन छात्रो की शैक्षणिक एवं व्यवसायिक आकांक्षा का अध्ययन।'' *जनरल ऑफ एज्यूकेशनल एण्ड वोकेशनल मैनेजमेंट*
- अग्रवाल, एस.सी. (1972) "व्यवसायिक संस्थानो के शिक्षक एवं शैक्षणिक संस्थानो में शिक्षकों की व्यवसायिक आकांक्षा की संतुष्टि का तुलनात्मक अध्ययन"
- कृष्णन, बी. एवं कुपूस्वामी बी. (1976) ''उच्चतर माध्यमिक शाला के विद्यार्थियो की व्यवसायिक आकांक्षा का अध्ययन। *जनरल साइकोलॉजीकल रिसर्च*, मैसूर विश्वविद्यालय
- ग्रेवाल, जे.एस. (1984) ''मैनुवल फॉर आक्युपेशनल एक्सपेटेशन स्केल।" आगरा : *जनरल साइकोलॉजी कॉर्पोरेशन* 4ध्230
- गुड, नारमेन, कालेन एवं केथन ए. ''आकांक्षा स्तर का लंबवत् अध्ययन'' , स्टेट यूनि. स्टोनी, न्यूयार्क
- जयसवास, सीमाराम (1971) ''शिक्षार्थी निर्देशन और परामर्श'', आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर
- तुलसी, पी.के. एवं कोटले, आर.बी. (1962) ''आकांक्षा स्तर पर अहम ग्रस्त से संबंधित अध्ययन''
- धारनल, एस.एम.ए.एस. (1973) ''उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो के अनु. जाति तथा सामान्य जाति के विद्यार्थियो की नियंत्रित स्थिति, बुद्धि तथा व्यवसायिक आकांक्षा का तुलनात्मक अध्ययन ''
- शर्मा आर.ए. (2011) शिक्षा अनुसंधान के मूल तत्व एवं शोध प्रकिया सूर्या पब्लिकेशन

Gurukul International Multidisciplinary Research Journal (GIMRJ)*with* International Impact Factor 6.222
Peer Reviewed Journal

ISSN No. 2394-8426
Jan-2022
Issue–IV(I), Volume–IX

मध्याह्न भोजन योजना से विद्यालयों में प्राथमिक कक्षा के छात्र–छात्राओं की प्रतिवर्ष शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव से संबंधित प्रश्न का अध्ययन

* महेश कुमार नायक, शोधार्थी, कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
** डॉ. बेनु शुक्ला, प्राध्यापक, कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

सारांश

शिक्षा, मानव जीवन के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। शिक्षा मानव के दृष्टिकोण पर विशेष प्रभाव डालता है। आज आधुनिक युग में किसी भी राष्ट्र के विकास का सीधा संबंध उस देश के शिक्षित नागरिकों से है अर्थात् मानव के मूलभूत आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान है। उसी प्रकार किसी देश को विकसित होने के लिए उस देश के सभी नागरिकों का शिक्षित होना आवश्यक हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी तब से अब तक समस्या बनी हुई है। विभिन्न प्रकार की समस्याओं से शिक्षा का क्षेत्र जुझ रहा है। वर्तमान समय में राजीव गांधी शिक्षा मिशन एवं सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में पढ़बो –पढ़ाबों, नोनी बाबू जोहार एवं मध्याह्न भोजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है,ताकि विद्यार्थी जागृत हों और विद्यालय की दर्ज संख्या में वृद्धि हो। इस कार्यक्रम का लाभ गरीब, परिवार के बच्चे एवं झुग्गी झोपड़ी में निवासरत् श्रमिक बच्चों के साथ–साथ मध्यम एवं उच्च वर्ग के परिवारों के बच्चे को भी मिले ताकि इन बच्चों को पर्याप्त मात्रा में आवश्यक पोषण मिल सके और शिक्षा के प्रति उसके मन में रूचि उत्पन्न हो ताकि वह अपनी पढ़ाई करके अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सके। प्रारम्भ में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम का मूल उद्देश्य शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बालकों के लिए भोजन की व्यवस्था करना एवं उनकी शाला में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना था। वर्तमान में देश में प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों की संख्या में कमी आयी है तथा बच्चों की शाला में नियमित उपस्थिति में भी वृद्धि हुई है। अभी भी इस योजना की आवश्यकता बरकरार है। साथ ही साथ बालकों के शारीरिक मानसिक एवं चारित्रिक विकास करना है। बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा हेतु शासन द्वारा सर्व शिक्षा अभियान को जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत प्राथमिक स्तर के बच्चों को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों मे मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की गई है। जिसका लाभ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के गरीब बालकों सहित सभी वर्ग के बच्चों को मिल सके और विद्यालयों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या एवं ठहराव में वृद्धि हो। वर्तमान समय में मध्याह्न भोजन योजना से सभी वर्गो के बच्चों को लाभ मिल रहा है।

प्रस्तावना :–

